हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

24 JULY 2026, समय 18:10

मुख्य समाचार :-

1 केन्द्र सरकार ने पेपर लीक मामलों के जल्द निपटारे के लिए फास्ट ट्रैक अदालतों के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए।

2. केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पेपर लीक मामलों में कठोर सज़ा के प्रावधान और फास्ट ट्रैक कोर्ट संबंधी विधेयक के मसौदे को मंजूरी दी।

3. केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और जितेन्द्र सिंह ने कॉकरोच जनता पार्टी के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की, सरकार ने सैद्धान्तिक रूप से उनकी दो मांगों पर सहमति दी।

4. केंद्रीय मंत्रिमंडल ने देश में तीन समर्पित रासायनिक पार्क स्थापित करने के लिए भारत औद्योगिक विकास योजना रसायन को मंजूरी दी।

5. हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में समीक्षा बैठक के दौरान शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने पर जोर दिया।

======================

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पेपर लीक की घटना के बाद पिछले ढाई महीने में कई कदम उठाए गए हैं। दोषियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। कल रात एक वीडियो संदेश में श्री मोदी ने कहा कि सरकार की मुख्य जिम्मेदारी यह सुनिश्चित करना था कि विद्यार्थियों का शैक्षणिक वर्ष व्यर्थ न जाए।
प्रधानमंत्री ने कहा कि संबंधित विभागों को फास्ट ट्रैक अदालतों के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं।

*फास्ट ट्रैक कोर्ट के लिए विभागों को निर्देश दिए थे। विभागों ने लगातार मेहनत करके देर रात मुझे मसौदा भी दे दिया। फास्ट ट्रैक कोर्ट और कठोर सजा के प्रावधान के साथ का ये मसौदा, कैबिनेट में चर्चा होगी। कैबिनेट के साथियों के सुझाव के बाद उसका अंतिम रूप दिया जाएगा और सोमवार से जल्द से जल्द उस बिल को सदन में पारित कराने का प्रयास किया जाएगा।*

---------------------------------------

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आज फास्ट-ट्रैक कोर्ट बनाने और पेपर लीक व परीक्षा में गड़बड़ी के मामलों में कड़ी सजा सुनिश्चित करने के लिए विधेयक के मसौदे को मंज़ूरी दी। संसद भवन परिसर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस मसौदा विधेयक को मंज़ूरी दी गई। सूत्रों ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि प्रस्तावित कानून को अगले हफ़्ते संसद में पेश किए जाने की उम्मीद है। श्री मोदी ने कल एक वीडियो संदेश में घोषणा की थी कि पेपर लीक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के प्रावधानों वाला एक विधेयक संसद में पेश किया जाएगा।

-----------------------------------------

कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पेपर लीक से संबंधित लंबित मामलों की सुनवाई के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट के निर्णय की सराहना की है। श्री मेघवाल ने मीडिया से कहा कि इन अदालतों में मामलों की सुनवाई प्रतिदिन होगी।

*प्रधानमंत्री जी ने निर्णय लिया कि पेपर लीक से संबंधित जो मामले अदालतों में लंबित हैं, चल रहे हैं, उनकी सुनवाई हम स्पेशली डेजिगनेटेड फास्ट ट्रैक कोर्ट गठित करके करवाएंगे, जिससे डे टू डे बेसिस पर सुनवाई होगी, स्पीडी ट्रॉयल होगा और टाइम बाउंड इन्वेस्टिगेशन होगा। युवाओं को न्याय मिलेगा।*

------------------------------------------

केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और जितेंद्र सिंह ने आज नई दिल्ली मे कॉक्रोच जनता पार्टी के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में श्री नड्डा ने बताया कि बैठक के दौरान परीक्षा प्रणाली में सुधार संबंधी पार्टी की मांगों को ध्यानपूर्वक सुना गया। उन्होंने बताया कि कॉक्रोच जनता पार्टी ने तीन मुख्य मांगें रखीं और परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक पर रोक लगाने के लिए कुछ सुधारों का सुझाव भी दिया।

श्री नड्डा ने कहा कि सरकार कल प्रतिनिधिमंडल के साथ एक और दौर की चर्चा करेगी। इस बीच, प्रतिनिधि मंडल में शामिल कॉक्रोच जनता पार्टी के प्रवक्ता आशुतोष रांका ने दावा किया कि सरकार ने सैद्धांतिक रूप से उनकी दो मांगों पर सहमति दे दी है।

----------------------------------------------------

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने देश में तीन समर्पित रासायनिक पार्क स्थापित करने के लिए भारत औद्योगिक विकास योजना रसायन यानी भव्य-रसायन योजना को भी मंजूरी दे दी है। इस योजना की घोषणा 2026-27 के केंद्रीय बजट में की गई थी।

श्री वैष्णव ने कहा कि इस योजना के लिए कुल 33 करोड़ रुपये का वित्तीय आवंटन किया जाएगा। इसमें पार्क के भीतर साझा बुनियादी ढांचा सुविधाओं और बुनियादी उपयोगिताओं की स्थापना की लागत के लिए 30 करोड़ रुपये और प्रशासनिक व्यय के रूप में 30 करोड़ रुपये शामिल हैं। यह योजना 2026-27 से 2030-31 तक पांच वर्ष की अवधि के लिए लागू रहेगी। केंद्र सरकार प्रति पार्क 10 करोड़ रुपये तक का अनुदान प्रदान करेगी। यह अनुदान संबंधित राज्य सरकार द्वारा न्यूनतम 500 करोड़ रुपये के योगदान के अंतर्गत होगा।

-----------------------------------------------------------

हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने आज पलवल के श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में मुख्यमंत्री कार्यालय में ओएसडी डॉ. राज नेहरू और श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलगुरू दिनेश कुमार भी मौजूद रहे।

शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि समीक्षा बैठक के दौरान शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने पर जोर दिया गया।

उन्होंने कहा कि इसके अलावा इस पर भी चर्चा हुई कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार जो पाठ्यक्रम तैयार किया गया है, वह युवाओं के लिए कितना लाभकारी है और समाज पर इसका क्या प्रभाव दिखाई देगा । श्री महिपाल ढांडा ने कहा कि श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केंद्र खोलने के बारे में भी चर्चा की गई । प्रदेश में चार-पांच क्षेत्रीय केंद्र खोले जाएंगे, इसके अलावा लॉ यूनिवर्सिटी के क्षेत्रीय केंद्र खोलने का प्रारूप भी तैयार किया जा रहा है।

-----------------------------------------------------------

पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में 28 से 30 तारीख तक कई जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग ने कहा है की आज , 25 और 27 तारीख को कुछ जगहों पर और 26 तारीख को इक्का-दुक्का जगहों पर बारिश हो सकती है।

मौसम विभाग के नौसर हरियाणा में 28 और 29 तारीख को इक्का-दुक्का जगहों पर भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है।

हरियाणा में मॉनसून की स्थिति को लेकर हिसार विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक मदन लाल खिचड़ ने कहा कि उत्तरी हरियाणा के मुकाबले पच्छिमी और दक्षिणी हरियाणा में इस बार काम बारिश होने का अनुमान है।

-----------------------------------------------------------

आज रेवाड़ी में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने शिकायतों की सुनवाई करते हुए लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। अंसल टाउनशिप से जुड़ी एक शिकायत पर मंत्री ने संबंधित बिल्डर के अधिकारियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने के आदेश जारी किए है। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं को नजरअंदाज करना किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में कुल 15 शिकायतों पर सुनवाई हुई, जिनमें से 8 मामलों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया, जबकि 7 मामलों को अगली बैठक के लिए लंबित रखा गया।

=====================================